# एचबीटीयू पहली बार करायेगा 'नैक' से ग्रेडेशन



कानपुर। महानगर में प्रदेश सरकार का प्रतिष्ठित इंजीनियरिंगतकनीकी संस्थान एचवीटीयू शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लक्ष्य को लेकर इस वर्ष पहली बार 'नैक' से ग्रेडेशन करायेगा। राजभवन लखनऊ में एचवीटीयू के नैक ग्रेडेशन को लेकर मंगलवार को बुलाई गई वैठक में विवि कुलपति प्रो.समशेर ने नैक से मूल्यांकन कराने का पूरा खाका प्रस्तुत करते हुए भरोसा जताया कि विवि वेहतर ग्रेड हासिल करने का प्रयास करेगा। नैक समीक्षा वैठक में एचवीटीयू रजिस्ट्रार प्रो.नीरज कुमार सिंह व नैक ग्रेडेशन कार्यो को लेकर वनाई गई समिति में शामिल प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. आनंद कुमार, प्रो. यदुवीर सिंह, प्रो. पीके कमानी, प्रो. आरके शुक्ला, विकास यादव व वंदना दीक्षित कौशिक ने हिस्सा लिया। सभी ने नैक ग्रेडेशन कार्य को लेकर विवि में की जा रही तैयारियों से राजभवन को अवगत कराया। राजभवन ने कई पहलुओं पर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिये।